Illuminati
COMICS
GROUND
ZERO
Rise of The Serpent

Illuminati
COMICS
#2
PRICE: FREE
GROUND
ZERO
rise of the serpent

&

https://ComicsJunction.Stck.Me

Featuring

CREDITS

EDITOR : DR. ALUCARD
COVER ARTISTS : DR. ALUCARD & SKHAN
STORY, SCRIPT & DIALOGUES : DR. ALUCARD
GRAPHIC CONSULTANT : SKHAN
DIGIART : DR. ALUCARD

For any comments, suggestions, feedbacks, queries & complaints,
please write to us at :
illuminaticomics@gmail.com

Illuminati
COMICS
#2
PRICE: FREE
GROUND
ZERO
rise of the serpent

*जापानी से अनुव

मैं अपना काम बहुत मन लगाकर कर रही हूँ

लेकिन कुछ लडकियाँ पेंटिंग पेस्ट को चुरा कर खा रही है शायद क्योंकि हमे...

३ दिन में सिर्फ एक बार खाना मिलता है

तुम बहुत ज्यादा पेंट का उपयोग कर रही हो अयुमी-सान

जनरल कुसाबा आज निरीक्षण पर आ रहे हैं । हम उन्हें क्या जवाब देंगे ?

जनरल कुसाबा ने हमे ये कार्य दिया है

मुझे माफ़ कर दीजिये टीचर । मैं अब ध्यान रखूंगी
अगली गलती मत करना अयुमी-सान
हम मामूली गुब्बारे नहीं बना रहे है माँ
इन्हें फुसेन बकुदन कहते हैं
ये सभी विस्फ़ोटक है
ये हमारे देश के हथियार होंगे
हमे हर रोज़ इन्हें बनाने का लक्ष्य मिलता है
और काम पूरा करने पर ही हमे खाना मिलता है
मुझे ये युद्ध पसंद नही है माँ
हमने हजारों गुब्बारे बनाये है
मैं उम्मीद करती हूँ की हम ये जंग जल्दी जीत जाए
अब तो ये ही आस है
ये ही उम्मीद है
हम उन्हें दुश्मन देश की तरफ़ उड़ाते हैं
सभी में बम होते है
मुझे आपकी बहुत याद आती है
लेकिन मैं जल्दी वापस आऊँगी
आपकी बेटी, अयुमी
November 13, 1944.

1 अगस्त 1945
वाशिंगटन डी.सी.
लॉन्च मेनहट्टन प्रोजेक्ट अटैक !
6 अगस्त 1945, हिरोशिमा – लिटिल बॉय अटैक
9 अगस्त 1945, नागासाकी – फैट-मैन अटैक

टीम अल्फ़ा,
हमला कामयाब रहा ।
लिटिल बॉय बम
सफ़लतापूर्वक लॉन्च
हुआ ।
ख़ूबसूरत

6 AUGUST 1945
हिरोशिमा में लिटिल बॉय बम ने लाखों जिन्दगियों को निगला।
9 AUGUST 1945
नागासाकी में फैट–मैन बम भी वही त्रासदी मचाई
0001 मिलि सेकण्ड में मीलों दूर तक के लोग भस्म हो गये
एक रोशनी की चमक और सब तबाह
वो ही हाहाकार

बेस तो लाइटहॉर्स ,
तुम सुन पा रहे हो ?
लाइटहॉर्स कॉपी,
हमारे जहाजों के समूह
पर हमला हुआ है
जल्द एक्सट्रैक्शन
पॉइंट पर पहुंचे
ये वो जगह है जहाँ
बिग ब्रदर एटम बम
वाला जहाज क्रेश हुआ
ये टोक्यो पर ब्लास्ट होना
था लेकिन हिरोशिमा के
पास क्रेश हुआ
हालाँकि जापान की
कमर टूट चुकी है ..
.. लेकिन हमे उस बम
को ढूंढना ही होगा
बेस टू फायरहॉक
फायरहॉक
कॉपी
बिग ब्रदर
को ढूंढो

वर्तमान

और ये था वो तीसरा बम जो कभी फटा ही नही वरना आज इतिहास ही कुछ और होता। पूरा जापान ही बन जाता ...

"और इस तरह आज तक ये पता नहीं पड़ पाया की वो परमाणु बम कहाँ गया?"

तो फ़िर समस्या क्या है प्रोबोट? वैसे भी अमेरिका ने तो ये बात ज़रूर टॉप सीक्रेट रखी होगी ?

समस्या है ये मैसेज जो आज हमें गृह मंत्रालय से भेजा गया है। तुम खुद ही देख लो ।

नमस्ते मैं जी.आई.जो से कैप्टेन ड्यूक बोल रहा हूँ.... और इस प्रकार उस बम का पता कभी नहीं चला। लेकिन हमें जापान में हमारे एजेंट स्नेक-आईज से पता चला है की वो बम, आतंकवादी संगठन कोबरा के हाथ लग चुका है और वो इसे भारत में फोड़ना चाहते हैं।
GIJOE
हमारी खबर के अनुसार बम राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र में है लेकिन वहाँ पर लगातार आते रेतीले तूफ़ान के कारण हम सैटेलाइट से उस स्थान का पता लगा नहीं सकते हैं ।
GIJOE
GIJOE और राजनीतिक कारणों से हम भारत आकर ये मिशन पूरा नहीं कर सकते इसलिए हमने गृह-मंत्रालय और I.S.S. से सहायता मांगते हैं।

गृह-मंत्रालय चाहता है की ये काम तुम करो। मैंने तुम्हारे ड्रेस में रेडिएशन को मापने के लिए यंत्र लगा दिया है। तुम्हें अभी निकलना होगा वहाँ के लिये।
बिलकुल प्रोबोट परन्तु इतने महत्वपूर्ण केस में प्रलयंका को भी ले जाना सही रहेगा।
लेकिन इतने महत्वपूर्ण मिशन में टीम होती तो अच्छा होता
नहीं परमाणु । तुम्हारे जाने के बाद दिल्ली की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी प्रलयंका की है। शक्ति अपने काम से दुनिया के विभिन्न भागों में जाती रहती है, प्रो.भूतनाथ अपनी तंत्र साधना में लीन है और तिरंगा में उड़ कर हर जगह पहुँचने की क्षमता नहीं है। लेकिन मैंने तुम्हारे पार्टनर का इंतज़ाम कर लिया है।

अज्ञात स्थान
बैरोनेस
हमे हमारी जापानी मित्र से मिली जानकारी के कारण वो बम तो हासिल हो गया लेकिन हमारे क्लाइंट चाहते हैं की हम उसे पोखरण, राजस्थान में ब्लास्ट करे ।
ये बहुत ज़रूरी है इसलिए हम खुद वहां जायेंगे ।

परमाणु मैंने तुम्हारे साथी को भी भेज दिया है जो कुछ ही देर में तुम्हारे पास पहुंचेगा

कौन है वो ?

मिलो अपने पुराने साथी से, PARMANU KID

न्यूयॉर्क, अमेरिका

स्टार्क , I.S.S. से निक फ्यूरी बोल रहा हूँ ।

मेरे पास कॉलर आई.डी. है फ्यूरी, मैं जानता हूँ की तुम बोल रहे हो। क्या तुम्हे S.H.I.E.L.D. ने निकाल दिया है जो दिनभर I.S.S. के हेड क्वार्टर में बैठे रहते हो?

Very funny स्टार्क , लेकिन ये अर्जेंट स्थिति है ...

मैं सुन रहा हूँ

...और इसलिए तुम्हें हमारी तरफ़ से जाना है।
ठीक है लेकिन फ़िलहाल आर्क-रिएक्टर में कुछ ख़राबी है जिसे ठीक करना ज़रूरी है। मैं मिस मार्वल को वहाँ भेज देता हूँ और जल्द ही खुद पहुँचने की कोशिश करता हूँ। ओवर एंड आउट..
लेकिन टोनी सुनो तो....
कट
जारविस मिस मार्वल से बात करवाओ
सर मिस मार्वल को संदेशा भेज दिया गया है और मिशन ब्रीफिंग भी कर दी गयी है। सैटेलाइट इमेजिंग से उनकी वर्तमान ट्रेजक्टोरी इंडिया की है
वैरी गुड चलो काम खत्म किया जाए। आर्क-रिएक्टर का कोर अस्थिर हो रहा है। हालाँकि मैंने उसे भूमिगत और जलगमित दोनों ही कर दिया है लेकिन फिर भी उसे स्थिर करना पड़ेगा क्योंकि..

अगर मैंने आर्क-रिएक्टर का काम ख़त्म नहीं किया तो ये भी किसी एटम बम से कम नहीं होगा !
कोबरा कमांडर, आपके लिए किंग कोबरा का सन्देश आ रहा
हाँ कॉल को तुरंत कनेक्ट किया जाए। जय कोबरा, जय हो कोबरा सिंडिकेट
प्रोबोट, किड कहाँ है ?
मैं ये रहा परमाणु !

हमारे तरफ़ बढ़ते हुए दुश्मनों को रोकने का !

अच्छा हुआ मैंने गुप्त फ्रीक्वेंसी पर रक्षा मंत्रालय का सन्देश सुन लिया। देश की सुरक्षा और भाई समान दोस्त को किये हुए वादे पर जान कुर्बान। लेकिन पता नहीं वो सन्देश किसके लिए था ?

राजस्थान में

प्रोबोट के न्यूक्लियर सेंसर बता रहें है की बम पोखरण और जैसलमेर के बीच कहीं है, शायद पास जा कर बेहतर पता पड़ेगा

पोखरण यहाँ से ज्यादा पास है। पहले वहीं चले है।

हाँ यही ठीक रहेगा किड। खैर जब तक तुम मुझे बताओ की तुम इतने समय से कहाँ थे और तुम्हारा नाम क्या है, कौन हो तुम?

परमाणु मैं तुम्हें अपना नाम तो नहीं बता सकता लेकिन फिर भी तुम्हारे दूसरे सवालों का उत्तर अवश्य दूँगा।

प्रोफेसर यानि कमल अंकल मेरे पापा को परमाणु बनाना चाहते थे लेकिन जब तक वो प्रोजेक्ट शुरू होता, तब तक कमल अंकल अपनी निजी समस्याओं के कारण उस प्रोजेक्ट से अलग हो गये।

GROUND ZERO
तब प्रो. भास्कर ने मेरे पापा को सुपर हीरो बनाया।
लेकिन अब तुम्हारें पापा कहाँ है ?
अपराध और बुराई से लड़ते हुए मेरे पापा, मम्मी और प्रोफेसर शहीद हो गये। पापा ने मुझे कमल अंकल के बारे में बताया था और कहा था की किसी भयंकर विपत्ति की स्थिति में मैं उनके पास जा सकता हूँ ।
और फिर मामाजी ने तुम्हें पाला और ये रूप दिया।
हाँ और मेरी पहचान छुपाने में भी मदद की।
पिछले कुछ सालों से कहाँ थे तुम ?
मुझे कमल अंकल ने विदेश भेजा था प्रशिक्षण के लिये। उनके एक्सीडेंट के बाद से प्रोबोट मेरी देख-रेख करता है।

हम्म तो भारत सरकार ने इन जोकरों को भेजा है हमें रोकने
इन्हें ज़रूर G.I.Joes ने ख़बर दी होगी। लेकिन इन्हें कम मत समझना। ये है परमाणु और परमाणु किड,दोनों विज्ञान के बेजोड़ नमूने हैं। शक्तियों में ये आयरन-मैन और एटम से कम नहीं हैं।
खैर इन्हें यहाँ पहुँचने में समय है तब तक आप ये बताये मिस किलर की आपको ये परमाणु बम कहाँ से मिला?
द्वितीय विश्व युद्ध के वक़्त मेरे परदादा-दादी हिरोशिमा के पास एक गाँव में रहते थे। अमेरिका की योजना जापान पर 3 परमाणु बम गिराने की थी लेकिन पता नही कैसे तीसरा बम वाला प्लेन उनके गाँव के पास क्रेश हो गया। ये शायद चमत्कार ही था की इस क्रेश के बावज़ूद वो बम नहीं फटा। गाँववालों ने हिरोशिमा का विनाश देखा था और इसलिए उन्होंने ये निर्णय मिल कर लिया की इस हथियार को हमेशा के लिए गुफाओं में दफ़न कर दिया।
एक दिन मुझे अपनी दादी अयुमी-सान की डायरी मिली जिसमे ये सब लिखा था। बस इस तरह मुझे ये बम मिला।

मिस किलर ये बात तो हमारे संगठन के मुखिया और उनके गुप्त मार्गदर्शक ही बता सकते हैं...
लेकिन आपने नहीं बताया की आप इस सुनसान जगह पर ये ब्लास्ट क्यों करना चाहते हैं?
कमांडर वो दोनों और हमारी अमरीकी मेहमान यहाँ पहुँचने वाले हैं।
उनका शाही स्वागत करो हाहाहा...

ये क्या ? भारतीय वायुसेना के जेट्स !
बचो इनके इरादों से तो नहीं लगता के ये दोस्त या भारतीय हैं
हाँ इन जेट्स पर लाल साँप का फन बना है।
ये ज़रूर कोबरा संगठन का हमला है। ये देश के दुश्मन है। इन पर रहम ना करना।

ये ख़तरा फ़िलहाल के लिए टला है। हमें सतर्क रहना होगा।

हमला और गुप्त
मददगार -दोनों !!

भारत में मेरा बड़ा ज़ोरदार स्वागत हुआ है । अब आगाज़ इतना अच्छा है तो देखें अंजाम कैसा होगा !

लगता है जेट्स के बाद कोबरा ने इसे भेजा है हमला करने!
हमला

हा हा हा अब भिड़ेंगे हमारे दुश्मन । सभी जेट्स को आदेश दो की दूर से इन पर नज़र रखें और मौका मिलते ही हमला करें।
ये कोई मामूली लड़की नही है किड। हमें और तेज़ वार करने चाहिये।
ये दोनों एक ही पोशाक में हैं। इस बात में कोई शक नहीं की ये कोबरा के आदमी हैं।
मैं ज़्यादा देर इनका सामना नहीं कर पाऊँगी। टोनी तुम कहाँ हो?
इस वार से ये नहीं बच पायेगी।

बचो!!!
तुम कौन हो?
मैं हूँ तूफान । जब तुम पर कोबरा का हमला हुआ था तब मैंने ही तुम्हारी मदद की थी।*
ओह तो तुम थे वो गुप्त मददगार । ये दोनों कौन हैं?
*AUTHOR'S NOTE : मिस मार्वल और कोबरा की लड़ाई देखने के लिये प्रतीक्षा करें ग्राउंड ज़ीरो के Collector's Edition की।

इनकी पोशाक एक भारतीय हीरो परमाणु जैसी है लेकिन ये तो दो है। होना हो ये ज़रूर कोबरा की चाल है। हमें इन्हें मौका ना दे कर पहले ही हमला कर देना चाहिये।
बचो किड । तुम्हें क्या हुआ ? कहाँ खो गये तुम ?
उफ़ ये किड को क्या हुआ जैसे खो ही गया है। तूफ़ान पर कोई वार ही नही कर रहा है!
ज़रूर कोई बात है । इनमे से एक हमला नही कर रहा है।

ये क्या कोबरा फिर आ गये और हम चारों पर हमला कर रहें है।
इसका मतलब तुम दोनों भी कोबरा के दुश्मन हो!
अगर वो वार किड को लगा तो शायद उसके लिए प्राणघातक हो!

बचो किड

अरे ये क्या? इसने वो वार झेल लिया। लेकिन अगर ये तूफ़ान है तो फिर हमारे साथ कौन है?

ये बहरूपिया तो बेहोश हो गया

पहले तो हमे इन सब से निपटना होगा

Time to rock n roll people
इन देवीजी और बालकों को परेशान मत करो दुष्टों

अब बताओ
तुम कौन हो?
मैं हूँ असली तूफ़ान
यानि अजय
मेरे दोस्त तू जिंदा है? लेकिन कैसे?
तुमने मेरे हाथों में दम तोड़ा था?
दोस्त ज़रूर बताता हूँ लेकिन पहले मिलो
मेरे बेटे मोंटू उर्फ़ परमाणु किड से
माफ़ी चाहूँगा लेकिन मुझे तुम्हारा
reunion यहीं रोकना होगा। हमारे पास
निपटने के लिए बहुत बड़ी समस्या है ।
AUTHOR'S NOTE : तूफ़ान के बचने का रहस्य
जानने के लिये हमसे भविष्य में भी जुड़े रहें

फिर तो हमें उनके पीछे जाना चाहिए

नही उन्होंने बम का टाइमर शुरू कर दिया है। हमे उसे ब्लास्ट के पहले ढूँढना होगा वरना पूरा राजस्थान तबाह हो जायेगा। समस्या ये है की हमारे यंत्र उसका पता नहीं लगा पा रहे हैं।

लेकिन हमने उसके लोकेशन का पता लगा लिया है।
आप ?
ये हैं I.S.S. के NTEP* डिपार्टमेंट के सदस्य - कैप्टेन एटम, फायर स्टॉर्म और कैप्टेन प्लेनेट। मैंने ही इन्हें यहाँ बैकअप के लिए बुलाया था।
मिस मार्वल आप और शक्तिमान घायलों को लेकर सुरक्षित स्थान पर जाएं। हम पाँचो उस बम को रोकने की कोशिश करते हैं।
NTEP - Nuclear Threat & Environment Protection

ये तो बिलकुल साफ़ बात है लेकिन नीचे ये क्या हो रहा है ?
हाँ हमें रेडियोएक्टिव सिग्नल भी यहीं से मिल रहें हैं।
लगता है की किले के पास उस सुरंग से बम तक जाने का रास्ता है ।
मैं और परमाणु पुलिस की सहायता करते है और तुम तीनों गुफ़ा में जा कर बम को रोकने की कोशिश करो ।
ये एक strange incident है। अभी हम पोखरण के उस भाग में हैं जो काफी सालों से भारत का nuclear testing site है। मुझे ध्रुव ने इसके बारे में बताया था । लेकिन ध्रुव के पिता कमिश्नर राजन यहाँ क्या कर रहे हैं? ध्रुव ने मुझे ये भी बताया था की पिछली बार जब आतंकवादियों ने यहाँ परमाणु धमाके की कोशिश की थी तब एक आयामी द्वार खुल गया था और उस आयाम से आये वैम्पायर ने कोहराम मचा दिया था।*
* जानने के लिए पढ़े ध्रुव की "वैम्पायर"

इस गुफ़ा से ही रेडिएशन सिग्नल आ रहें है।

अरे परमाणु यहाँ?

और ये गया आखिरी कोबरा
कैप्टेन एटम का मैसेज आ रहा है

कैप्टेन एटम वहाँ का क्या हाल है ?
आयरन-मैन इस बम की क्षमता बहुत गुना बढ़ा दी गयी है । हम तीनों मिल कर भी ना तो इस विस्फ़ोट को रोक सकते हैं ना ही इससे निकले रेडिएशन को सोख सकते हैं ।
मुझे ध्रुव ने बताया था की ये गुफाये अंदर-ही-अंदर भारत की भूमिगत परमाणु बम परिक्षण स्थल से जुडी हुई है । अगर ये तीनों उस स्थल तक बम को ले जा सके तो शायद उसके विस्फ़ोट के बाद की रेडियोधर्मिता को सोखा जा सके !

जारविस की गणना के अनुसार परमाणु की बात 60% सही है। कैप्टेन एटम क्या आप उस रेडियोधर्मिता को सोख सकते हैं?
लेकिन अगर पिछली बार की तरह इस बार भी कोई आयाम-द्वार खुल गया तो जिसमे से वैम्पायर या कोई और उत्पाती जीव आ गए फिर ?
जब ओखली में सर दिया है तो मूसल से डरना क्या ? जो होगा देखा जायेगा।

बड़ी अजीब बात है ! धमाके के बाद भी कोई रेडियोधर्मिता नहीं ?
इतनी रेडियोधर्मिता को सोखने के बाद तो मेरी हालत ख़राब हो रही है
थोड़ी देर बाद
मैंने आसपास का पूरा क्षेत्र स्कैन कर लिया है । कहीं भी किसी रेडियोधर्मिता या आयामी गतिविधि का कोई नामोनिशान नहीं है ।
तो फिर यहाँ रुकने का अब कोई फ़ायदा नहीं है । हमे अब चलना चाहिए । मुझे भी प्लेबॉय मैगज़ीन की पार्टी में जाना है ।
ये क्या टोनी ? तुम्हारी इन आदतों का युवाओं पर क्या असर पड़ेगा ? तुम्हे उनके सामने आदर्श आचरण प्रस्तुत करना चाहिए ।
अब मैं इसमें क्या कर सकता हूँ ?
बोलो "सॉरी शक्तिमान" हा..हा.हा
अच्छा है ये जा रहे है वरना इन्हें पता चल जाता की हम यहाँ परीक्षण के नाम पर किस समस्या से जूझ रहे हैं !!

Headquarter: Cobra Syndicate
Location : Unknown
हम माफ़ी चाहते है किंग कोबरा । हमारा प्लान अच्छा था लेकिन पता नहीं विस्फ़ोट क्यों नहीं हुआ ?
जो भी हो मुझे मेरा हिस्सा चाहिये
इतना उतावला होना अच्छा नहीं है मिस किलर । भूलो मत तुम किससे बात कर रही हो ।
लेकिन अब मैं आगे क्या जवाब दूँगा स्वामी के दूत को ? तुम्हे क्या लगता है ...
गब्बर खुश होगा ? साबसी देगा ?
बिलकुल सही क्योंकि धमाका भी हुआ है और जलजला भी आया है । लेकिन जब इस दुनिया के रक्षकों को इसके बारे में पता पड़ेगा तो वो सिर्फ करते रह जायेंगे "दिंचा चाचा चिता चिता, दिंचा चाचा" हा..हा.हा..हा

हाउस ऑफ़ मिस्ट्री

मैंने आप को ये बताने के लिए बुलाया है की हमारी दुनिया बहुत बड़े संकट में है क्योंकि दूसरे आयाम से एक प्राचीन शैतान तबाही फ़ैलाने आ रहा है और उसे रोकने के लिए आपको अपनी संयुक्त शक्ति का उपयोग करना होगा !

थार रेगिस्तान,
ब्लास्ट गुफ़ा
मैं कौन हूँ ?
मैं कहाँ हूँ ?

समाप्त

EDITORIAL

प्रिय मित्रों ,

उम्मीद करता हूँ की आपको इलयूमिनाति कॉमिक्स की दूसरी पेशकश "ग्राउंड जीरो - राइज ऑफ़ दी सरपेंट" पसंद आई होगी । ये कॉमिक्स आपको कॉमिक्स जंक्शन के सौजन्य से पेश हुई है इसलिए जल्द ही https://ComicsJunction.Stck.Me पर जाए और वहां रजिस्टर कर अपने बहुमूल्य कमेंट हमे दे । हमने यहाँ आपके प्यारे हीरोज को ना सिर्फ एक-दूसरे से भिड़ाया बल्कि उन्हें मिला कर ख़तरनाक कोबरा सिंडिकेट के मंसूबे भी ध्वस्त किये । जहाँ आपने प्रसिद्ध हीरोज़ जैसे परमाणु, आयरनमैन, ड्यूक- जी.आई.जो , मिस मार्वल , कैप्टेन एटम और फायर स्टॉर्म को देखा वहीं कुछ पुराने हीरोज को भी देखा जो अभी भी दिल के पास है जैसे शक्तिमान, कैप्टेन प्लानेट, परमाणु किड, तूफ़ान (दोनों) । इसके अलावा दो पुराने खलनायको - किंग कोबरा और यंत्रमानव चार्ली की भी वापसी हुई है ।

अब तक तो आप लोग समझ ही होंगे की पिछली कॉमिक्स में काल छिद्र ने वो खोपड़ी जिसे दी थी वो और कोई नहीं चार्ली ही था । जो पाठक चार्ली को नहीं जानते उनसे मैं कहना चाहूँगा की वे तुलसी कॉमिक्स की अंगारा सीरीज को पढ़े और देसी अमेरिकन साईट पर देखे वहाँ उन्हें और जानकारी भी मिलेगी । जहाँ तक बात तूफ़ान की है , वो मनोज कॉमिक्स का हीरो है । उनकी ज़िन्दगी कुछ इस तरह रही । उन्हें प्रो. भास्कर ने तूफ़ान बनाया । असली तूफ़ान यानि अजय , अपराध से लड़ते हुए शहीद हो गया और उसके साथ उसकी बीवी भी मारी गयी । उसने मरने से पहले अपने दोस्त विकास से तूफ़ान को जिंदा रखने का वादा लिया और फिर विकास नया तूफ़ान बना ।

और यहाँ शुरू हुई हमारी कल्पना की उड़ान और तूफ़ान का बेटा - मोंटू बन गया परमाणु किड । उम्मीद करता हैं की आपको ये ट्विस्ट पसंद आया होगा । जल्द ही हम आपको ये भी बताएँगे की अजय/तूफ़ान बचा कैसे ? तब तक आप हमारे दूसरे कॉमिक्स भी ज़रूर पढ़े । कहानी के अंतिम २-३ पृष्ठ 5 सवाल छोड़ गए हैं - (१) कैप्टेन एटम को क्या हुआ है ? (२) चार्ली का असली प्लान क्या है ? (३) मैडम ज़ानाडू, हाउस ऑफ़ मिस्ट्री में बैटमैन, कांस्टेंटटिन और ज़टाना को किस ख़तरे के बारे में बता रही है ? (४) वो लड़का कौन है जो ब्लास्ट के बाद गुफ़ा से निकला ? (५) कैप्टेन एटम अब किसके निशाने पर है ? ये सभी जवाब आपको हमारे आने वाले कॉमिक्सों में मिलेगा । हमारा अगला अंक है "अनफॉरगिवन" जिसमे नागराज गया है मारा घोस्ट राइडर के हाथों ।

ये Fan-made non-commercial comics series है जो Non-profit basis बनायी गयी है। हमारा आज या भविष्य में इसका कोई भी hardcopy printed & paid version निकलने की कोई मंशा नही है।

अंत में, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूँ की जूनून को ज़िन्दा रखें, आने वाली पीढियों में कॉमिक्स कल्चर को बढ़ावा दें और BUY COMICS & SAVE COMICS INDUSTRY !

आपका,

https://www.facebook.com/Comics.Junction.CFS

https://ComicsJunction.Stck.Me

Parmanu
Gr8 experience. International Heroes ke saath kaam kar maza aaya !!!

Like · Comment · Share · January 14

Parmanu, Parmanu Kid, Toofan, TheREAL Toofan, Tony Stark – Ironman, Shaktimaan, Captain Planet, Captain Atom, Firestorm, Ms. Marvel, International Atom Club, Nick Fury, Duke, G.I.Joes, Pralayanka, I.S.S. and 1356549 others like this.

5 shares

Parmanu Kid Haan Parmanu maza aa gaya aur fir mujhe apne bicchdde hue papa bhi mil gaye
Like · Reply · January 14 at 4:55pm

TheREALToofan Mera shona montu
Like · Reply · January 14 at 5:41pm

Toofan Ab Mera ki hoga ??
Like · Reply · January 14 at 8:47pm

TheREALToofan Tu chinta na kar. Mujhe ek side-kick chahiye.
Like · Reply · January 14 at 8:47pm

Ms. Marvel Toofan ka toh demotion ho gaya ... hehehe
Like · Reply · January 14 at 8:55pm

Duke - G.I. Joe Thank you parmanu
Like · Reply · January 14 at 8:55pm

Pralayanka Mujhe kyon nahi le gaye ? Tiranga ne apni shayariyan suna suna kar bheja fry kar diya Like · Reply · January 14 at 8:55pm

Captain Planet Parmanu jab free ho tab meeting fix karlo. Tumahre belt ki nuclear ka environment par bura asar pad raha hai. Usi par discussion karna hai.
Like · Reply · January 14 at 8:55pm

Captain Atom Yaaron mujhe maaf karo, mein radioactivity ke nashe mein chur hun.. hich
Like · Reply · January 14 at 8:55pm

Nick Fury Three Cheers for I.S.S. Hip hip hurray !!!
Like · Reply · January 14 at 8:55pm

Tony Stark "Ironman" Cheers. Parmanu iss Fury ko bolo party yuhi chalegi. Plaboy mansion party ke apne hi jalwe hai. Ms. Marvel & Pralayanka – you both are invited :)
Like · Reply · January 14 at 8:55pm

Shaktimaan Tharo. Yeh sab kya ho raha hai?? Tony tumhe pehle bhi bola hai ke peekar facebooking mat karo. Aur tum ye kya ashleelta faila rahe ho.
Like · Reply · January 14 at 8:55pm

Tony Stark "Ironman" Sorry Shaktimaan !!
Like · Reply · January 14 at 8:57pm

Cobra Commander Dhin cha cha chita chita chita dhin cha cha cha
Like · Reply · January 14 at 8:57pm

Parmanu Yeh Cobra Commander pagla gaya hai
Like · Reply · January 14 at 8:57pm

Cobra Commander yippee hum jeet gaye
[user banned from comment]

& https://ComicsJunction.Stck.Me

नागराज की आत्मा ना तो अब स्वर्ग जायेगी ना नर्क, वो हमेशा के लिए तड़पेगी परगेटोरी में क्योंकि उसे मारा है घोस्ट राइडर ने और अब हमेशा के लिए है नागराज की आत्मा.....

UNFORGIVEN

क्या बचा पाएंगे फैंटम स्ट्रेंजर, एंथोनी और कांस्टेंटिन नागराज को !!!